दिन–शनिवार दिनांक– 03/08/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि– 05 मिनट

प्रदेश में मानसून पूरी तरह सक्रिय है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान मधेपुरा के पुरैनी में सबसे अधिक एक सौ नौ दशमलव छह मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। वहीं, गया के शेरघाटी में नब्बे दशमलव दो और डोभी में अस्सी मिलीमीटर बारिश हुयी है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर, रोहतास, बक्सर, किशनगंज, अररिया और पूर्णियां जिले में कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश हो सकती है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, भोजपुर, अरवल, औरंगाबाद, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा और कटिहार जिले में एक–दो स्थानों पर भारी बारिश की आशंका को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान तेज हवा चलने के साथ–साथ मेघ गर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

———————————————

केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि सरकार खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री पासवान पटना में आयोजित इंडस्ट्री गोलमेज बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बैठक में इस क्षेत्र के संभावित अवसरों और मेगा फूड इवेन्ट से संबंधित विषयों पर मुख्य रूप से चर्चा हुयी। श्री पासवान ने कहा कि उनका मंत्रालय राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में नए अवसरों की तलाश कर रहा है, ताकि किसानों को उनके उत्पादों का बेहतर मूल्य मिल सके।

———————————————

पटना के ज्ञान भवन में आज से दो दिवसीय मखाना महोत्सव की शुरूआत हुयी। कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने महोत्सव की विधिवत शुरूआत की। उन्होंने कहा कि महोत्सव का उद्‌देश्य मखाना उत्पादन की आधुनिक तकनीकों से किसानों को अवगत कराना है। साथ ही इसके व्यापार को बढ़ावा देना है। श्री पांडेय ने कहा कि आने वाले

दो वर्षों में सरकार ने पचास हजार हेक्टेयर में मखाना की खेती का लक्ष्य निर्धारित किया है। दो दिवसीय मखाना महोत्सव के दौरान मखाना के विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री भी की जा रही है। महोत्सव में मखाना व्यंजन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज ईको पर्यटन के विकास के लिए नवादा जिले के ककोलत जलप्रपात में पर्यटकीय सुविधाओं का लोकार्पण किया। इसके साथ ही डेढ़ वर्षों से बंद जलप्रपात को आम लोगों के लिए खोल दिया गया है। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार तथा स्थानीय सांसद विवेक ठाकुर समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने जिले के वारिसलीगंज में सीमेंट ग्राइंडिंग इकाई का भी शिलान्यास किया। उन्होंने नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड के द्वारिकाबीघा गांव में नव निर्मित पुल का भी उद्‌घाटन किया।

———————————————————

पंचायती राज विभाग के मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने आज पटना के फुलवारीशरीफ प्रखंड के गोनपुरा पंचायत में वन महोत्सव की शुरूआत की। श्री गुप्ता ने बताया कि महोत्सव के दौरान राज्य की सभी पंचायतों में साढ़े पांच लाख पौधे लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि बरगद, पीपल, नीम, महुआ, आम, और इमली के पौधे प्राथमिकता के आधार पर लगाये जायेंगे।

———————————————————

पेरिस ओलिंपिक के आठवें दिन आज भारतीय निशानेबाज मनु भाकर महिलाओं की पच्चीस मीटर पिस्टल स्पर्धा में मात्र तीन अंक से कांस्य पदक से चूक गई। उन्हें फाइनल मुकाबले में चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा। मनु पेरिस ओलिंपिक मे पहले ही दो कांस्य पदक जीत कर इतिहास रच चुकी हैं।

———————————————————

गया के शेरघाटी व्यवहार न्यायालय मेंपिछले दिनों पेशी के लिए लाए गये एक कैदी पर गोलीबारी करने के आरोप में पुलिस ने पश्चिम बंगाल के आसनसोल से तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के महुआवा थाना क्षेत्र अंतर्गत भारत–नेपाल सीमा से एसएसबी और पुलिस की टीम ने एक तस्कर को भारी मात्रा गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।

————————————————————

भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोरिया घाट में सोन नदी में नहाने के दौरान गहरे पानी में चले जाने से एक युवक की डूबने से मौत हो गयी।

————————————————————

सारण जिले के मशरख थाना क्षेत्र अंतर्गत चैनपुर गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी।

————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।